एक्ज़िम बैंक
EXIM BANK
भारतीय निर्यात-आयात बैंक
EXPORT-IMPORT BANK OF INDIA

# प्रिंटिंग एजेंसियों को सूचीबद्ध करने (एम्पैनलमेंट) के लिए रुचि प्रकटन

**I. प्रिंटिंग एजेंसियों का एम्पैनलमेंटः** भारतीय निर्यात-आयात बैंक ('बैंक') कम से कम 3 साल का अनुभव रखने वाली मुंबई स्थित इच्छुक प्रिंटिंग एजेंसियों से बैंक के साथ एम्पैनलमेंट के लिए सीलबंद रुचि पत्र ('आवेदन') आमंत्रित करता है।

**II. एजेंसियों के एम्पैनलमेंट के लिए पूर्व अर्हता मानदंड:**

**एजेंसियों के पास निम्नलिखित होना अपेक्षित हैः**

(क) *मुंबई में पूर्ण कार्यालय हो*;
(ख) एजेंसी बीते 3 वर्षों से अस्तित्व में हो यानी एजेंसी 31 मार्च, 2016 के बाद न बनी हो; और
(ग) वित्तीय संस्थाओं के साथ काम करने का अनुभव हो (नमूने / प्रमाण संलग्न करें)।
(घ) विभिन्न भाषाओं में अनुवाद / टाइपसेटिंग का अनुभव हो।

**III. एम्पैनलमेंट के लिए नियम एवं शर्तें:**

(क) एजेंसियों को भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय बैंक संगठन और / अथवा किसी अन्य बैंक द्वारा अयोग्य / ब्लैकलिस्ट घोषित न किया गया हो। एजेंसी के प्रमोटरों और / अथवा निदेशकों का अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड हो। इस संबंध में एजेंसी द्वारा एक घोषणा पत्र भी आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा।

(ख) बैंक सभी या कोई भी आवेदन / प्रस्ताव को बिना कोई कारण बताए खारिज कर सकता है।

(ग) एम्पैनलमेंट के लिए किया गया सशर्त या अपूर्ण आवेदन खारिज कर दिया जाएगा।

(घ) एजेंसियों से उम्मीद की जाती है कि वे उच्च स्तरीय प्रोफेशनल आदर्शों का पालन करती हों और ऐसा कोई कार्य न करें जिससे बैंक के हितों को नुकसान पहुंचता हो। एजेंसियां समुचित निर्देश न मिलने तक मामलों की गोपनीयता बनाए रखेंगी। उपर्युक्त में से किसी का भी उल्लंघन होने पर बैंक एजेंसी पर दंड लगा सकता है।

(ङ) कम से कम तीन और अधिकतम पांच एजेंसियों को तीन साल के लिए एम्पैनल किया जाएगा, जो एक साल बाद बैंक की संतुष्टि के अध्यधीन होगा। यदि एम्पैनल की गई एजेंसी की सेवाएं बैंक की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरती हैं तो बैंक एजेंसी की सेवाएं समाप्त कर सकता है और बिना किसी बाध्यता अथवा किसी को बिना कोई कारण बताए शॉर्ट लिस्ट की हुई अगली एजेंसी को नियुक्त कर सकता है। इस तरह की कार्रवाई से होने वाले किसी भी तरह के नुकसान अथवा क्षति के लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा।

**IV. भुगतान**

क) भुगतान सबसे कम कोटेशन देने वाली एजेंसी को, सौंपी गई परियोजना के आधार पर किया जाएगा।
ख) एजेंसी को किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।
ग) आयकर आदि सहित सभी लागू करों की स्रोत पर कटौती, आयकर अधिनियम, 1961 और यथा लागू अन्य कानूनी प्रावधानों के अनुसार की जाएगी।

### V. न्यायाधिकार क्षेत्र

इस आवेदन के अंतर्गत यदि पार्टियों के बीच इस आवेदन को लेकर / आवेदन के संबंध में किसी भी तरह का कोई विवाद या मतभेद पैदा होता है तो उसका निपटान भारत के कानूनों के अनुसार किया जाएगा और किसी भी वाद पर पार्टियों की सुनवाई अपरिवर्तनीय रूप से मुंबई की अदालतों के न्यायाधिकार क्षेत्र में ही होगी, इस संबंध में कार्यवाही भी इसी न्यायाधिकार क्षेत्र में होगी।

### VI. एम्पैनलमेंट के लिए आवेदन प्रस्तुत करना

आवेदन सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना होगा, जिस पर "प्रिंटिंग एजेंसी के एम्पैनलमेंट के लिए रुचि प्रकटन" लिखा होना चाहिए, जो महाप्रबंधक, कॉर्पोरेट संचार समूह के नाम होगा। यह आवेदन **14 मई, 2019 को शाम 5 बजे तक** या इससे पहले निम्नलिखित पते पर मिल जाना चाहिएः
भारतीय निर्यात-आयात बैंक, 21वीं मंज़िल, विश्व व्यापार केंद्र संकुल, केंद्र एक भवन, कफ़ परेड, मुंबई - 400005

### VII. आवेदन फॉर्म के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज

(क) क्लॉज III (ए) में निर्दिष्ट अनुसार एजेंसी द्वारा घोषणा, जिसका प्रारूप अनुलग्नक I में दिया गया है।
(ख) वित्तीय संस्था क्षेत्र के मौजूदा ग्राहकों के रेफरेंस के साथ प्रमाण, जिनसे सत्यापन के लिए संपर्क किया जा सके।
(ग) एजेंसी के पैन कार्ड, जीएसटी नंबर और सेवा कर रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की कॉपी।

### VIII. एम्पैनलमेंट के लिए चयन प्रक्रिया

उपर्युक्त (II और III) के मानदंडों को पूरा करने वाली एजेंसियों का मूल्यांकन निम्नलिखित मानदंडों के लिए दिए गए अंकों के अनुसार किया जाएगा। इन पैरामीटरों के लिए समान अंक नहीं हैः

1. एजेंसी की विस्तृत प्रोफाइलः (संबंधित विवरण संलग्न किया जाए, प्रारूप अनुलग्नक II में दिया गया है)
2. एजेंसी की ग्राहक रही वित्तीय संस्थाओं की सूची
3. मौजूदा ग्राहकों के लिए किए गए प्रिंटिंग के कार्य की गुणवत्ता (सैंपल संलग्न किए जाएं)
4. एक्ज़िम बैंक का पिछला अनुभव
5. एक्ज़िम बैंक के मुंबई स्थित प्रधान कार्यालय से नजदीकी
6. विभिन्न भाषाओं में अनुवाद / टाइपसेटिंग का अनुभव

**कृपया नोट कीजिएः** एजेंसी / एजेंसियों का चयन उपर्युक्त मानदंडों के आधार पर ही किया जाएगा। बैंक किसी भी अथवा सभी एजेंसियों का चयन कर सकता है या किसी भी अथवा सभी एजेंसियों को खारिज कर सकता है। एजेंसी / एजेंसियों के चयन में बैंक का निर्णय अंतिम होगा। चयनित एजेंसी को बैंक द्वारा तदनुसार सूचित कर दिया जाएगा।

अनुलग्नक I

घोषणा Declaration

मैं / हम एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूँ / करते हैं किः

I /We do hereby certify that:

(i) हमारी एजेंसी को भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), भारतीय बैंक संगठन (आईबीए), किसी अन्य बैंक और / अथवा कंपनी से अयोग्य / ब्लैकलिस्ट घोषित नहीं किया गया है;
Our Agency has not been disqualified / blacklisted by Reserve Bank of India, Indian Banks' Association, any other Bank and/or Company;

(ii) एजेंसी अथवा इसके प्रमोटरों और / अथवा निदेशकों के खिलाफ कोई मुकदमा नहीं चल रहा है;
No litigation is being pursued against the Agency or its promoters and / or directors;

(iii) एजेंसी और इसके प्रमोटरों / निदेशकों ने किसी भी ऋणदाता के साथ चूक (डिफॉल्ट) नहीं की है और उनके खिलाफ कोई भी बकाया / मांग लंबित नहीं है;
The Agency and its promoters / directors have not defaulted with any of its lenders and no dues or demands are pending against them;

दी गई उपर्युक्त सूचना पूरी तरह सही और सत्य है। यदि कोई झूठी सूचना दी गई है अथवा किसी भी सूचना को छिपाया गया है तो आवेदन खारिज हो जाएगा और यदि उचित हुआ तो दंड भी लगाया जा सकता है।
The information as provided above is correct and true in all respect. In case of furnishing any false information or suppression of any material information, the application shall be liable for rejection besides penalty can be imposed, if it deemed fit.

हस्ताक्षर Signature

प्राधिकृत हस्ताक्षरी का नाम और पदनाम Name and Designation of Authorized Signatory

एजेंसी का नाम Name of the Agency

मुहर Seal

तारीख Date:

स्थान Place:

(यदि एजेंसी यह घोषणा कर पाने में असमर्थ है तो कृपया इसका कारण बताइए और आरबीआई / आईबीए / किसी अन्य संस्था द्वारा अयोग्य घोषित किए जाने का कारण बताइए।)
(In case the Agency is unable to make this declaration, please provide information regarding the reason for disqualification by RBI / IBA/ any other institution and the reason(s), thereof.)

अनुलग्नक II

# एम्पैनलमेंट के लिए आवेदन / APPLICATION FOR EMPANELMENT

1. एजेंसी का नाम NAME OF THE AGENCY:

2. मुंबई कार्यालय का पता OFFICE ADDRESS IN MUMBAI:

3. फोन PHONE :

4. फैक्स FAX :

5. ईमेल E-MAIL :

6. स्टाफ सदस्यों की कुल संख्या TOTAL NUMBER OF STAFF:

7. इन-हाउस डीटीपी ऑपरेटरों की संख्या NUMBER OF IN-HOUSE DTP OPERATORS:

8. क्या अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में कार्य करने में सक्षम हैं : (हां / नहीं)
   WHETHER CAPABLE OF WORKING IN MULTIPLE LANGUAGES (OTHER THAN ENGLISH: (YES/ NO)

9. हिन्दी टेक्स्ट की प्रोसेसिंग के लिए उपलब्ध कंप्यूटर सॉफ्टवेयरों के नाम
   NAMES OF COMPUTER SOFTWARES AVAILABLE FOR PROCESSING HINDI TEXT:

10. ग्राहकों के लिए किए गए प्रिंट जॉब के चार सैंपल संलग्न कीजिए:
    (एक ब्रॉशर, 16 या अधिक पृष्ठों की एक बुकलेट, एक वार्षिक रिपोर्ट, एक ग्रीटिंग कार्ड) :
    ATTACH FOUR SAMPLES OF PRINT JOBS DONE FOR CLIENTS:
    (One Brochure, One booklet of 16 pages or more,
    One Annual Report, One Greeting Card):

11. वित्तीय संस्था क्षेत्र से मौजूदा ग्राहकों की संख्याः
    NUMBER OF EXISTING CLIENTS FROM THE FI SECTOR:

12. एजेंसी स्ट्रक्चर AGENCY STRUCTURE :

a. (क्या साझेदारी फर्म है या प्रोपराइटरशिप फर्म या प्राइवेट लिमिटेड/ लिमिटेड कंपनी आदि है) (Whether Partnership Firm or Sole Proprietorship Firm or Private Limited/Limited Company etc.)

13. निदेशकों / साझेदारों / प्रोपराइटरों आदि के नाम
NAME OF DIRECTORS / PARTNERS/ PROPRIETORS ETC.:

a. (पैन कार्ड के साथ Along with PAN Card)

14. कंपनी बनने की तारीख DATE OF INCORPORATION:

15. बीते दो वर्षों के दौरान एजेंसी का टर्नओवर
TURNOVER OF THE AGENCY DURING PAST 2 YEARS

- 2017– 2018:
- 2018 – 2019:

16. जीएसटी नंबर GST NO.: (कृपया कॉपी संलग्न करें Please attach the copy)

17. फर्म का पैन नंबर PAN NO. OF THE FIRM: (कृपया कॉपी संलग्न करें Please attach the copy)

18. एजेंसी द्वारा बीते 5 वर्षों में निष्पादित कॉन्ट्रैक्ट संबंधी किसी भी सिविल वाद / मुकदमे का विवरण। यदि कोई वाद/मुकदमा है तो उसका विवरण प्रस्तुत कीजिए।
DETAILS REGARDING ANY CIVIL SUIT/LITIGATION IN THE CONTRACTS EXECUTED BY THE AGENCY DURING THE LAST 5 YEARS. GIVE DETAILS IF ANY: